INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Question bank and Grammar	**Topic- (महत्त्व सुलेख का)**	**Note: Please complete your work.**

प्रश्नोत्तर

क. सुलेख का क्या अर्थ है ?

उत्तर = जब हम अक्षरों को धीरे-धीरे सुंदर बनाकर लिखते हैं, तब उसे सुलेख कहते हैं |

ख. चित्रा को क्या नहीं करना अच्छा लगता है ?

उत्तर = चित्रा को लिखना अच्छा नहीं लगता है |

ग. जया ने सुंदर लिखावट का क्या लाभ बताया ?

उत्तर = जया ने सुंदर लिखावट का यह लाभ बताया कि -----" यदि दो छात्र किसी प्रश्न का एक जैसा उत्तर देते हैं तो अच्छी लिखावटवाले छात्र को अधिक अंक मिलते हैं |"

घ. सुलेख के क्या नियम हैं ? लिखिए |

उत्तर = सुलेख के निम्नलिखित नियम हैं ----

- एक शब्द के समाप्त होने पर तथा दूसरा शब्द लिखने से पहले कुछ स्थान छोड़ना चाहिए |
- प्रत्येक पंक्ति को निश्चित स्थान से शुरू करना चाहिए |
- पंक्तियों के मध्य में कभी नहीं लिखना चाहिए |
- हिंदी के अक्षरों को रेखा के नीचे लिखना चाहिए |
- अक्षर के ऊपर शिरोरेखा सीधी और स्पष्ट लगानी चाहिए |
- मात्राएँ स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए |

ङ बचपन से सुलेख लिखने का क्या फ़ायदा होता है ?

उत्तर = जो बच्चे बचपन से सुलेख लिखने का अभ्यास करते हैं वे बड़े होकर जल्दी-जल्दी भी लिखते हैं तो भी उनकी लिखावट ख़राब नहीं होती है |

अभ्यास (*Exercises)*

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option ----- (Textbook)*

क. जया और चित्रा कौन हैं ?

सहेलियाँ   बहनें   पड़ोसिनें   माँ-बेटी

ख. सुलेख के लिए अभ्यास कब से शुरू करना चाहिए ?

पढ़ाई पूरी होने पर   युवावस्था में

बचपन से   कभी भी

ग. अच्छी लिखावट किसका आवश्यक अंग है ?

जीवन का   शिक्षा का

सुंदरता का   अभ्यास का

Ans.= क. सहेलियाँ   ख. बचपन से   ग. शिक्षा का

2. सही शब्द को चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए– *(Textbook)*

Choose the correct words and complete the sentences.

क. जया को .... पसंद है और चित्रा को .... |

ख. हिंदी के अक्षर .... के नीचे लिखे जाने चाहिए |

ग. मैंने अपनी .... सुधारने की बहुत कोशिश की |

घ. .... लिखावट के अनेक लाभ हैं |

लिखावट
लिखना
पढ़ना
सुंदर
रेखा

Ans= क. लिखना, पढ़ना   ख. रेखा   ग.लिखावट   घ. सुंदर

3. सही (✓) / गलत (X) बताइए | (*Notebook)*

क. सुलेख लिखते समय पंक्तियों के मध्य में नहीं लिखना चाहिए| (✓)

ख. जया और चित्रा अलग-अलग स्कूल में पढ़ती थीं | (X)

ग. सुलेख लिखते समय मात्राएँ स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए| (✓)

घ. सुलेख लिखते समय अक्षर के ऊपर शिरोरेखा सीधी और स्पष्ट नहीं लगानी चाहिए | (X)

व्याकरण (Grammar) (*Notebook)*

1. वचन बदलिए |

i) लड़का = लड़के	ii) पैसा = पैसे
iii) रुपया = रुपये	iv) पेंसिल = पेंसिलें
v) किताब = किताबें	vi) कलम = कलमें
vii) कुरसी = कुरसियाँ	viii) चिड़िया = चिड़ियाँ

2. सही हिंदी अर्थ लिखिए | *Write correct Hindi meanings.*

Practice = अभ्यास	Childhood = बचपन
Ashamed = शर्मिंदा	Importance = महत्त्व
Education = शिक्षा	Clear = स्पष्ट
Reading = पढ़ना	Need = आवश्यकता

3. उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए |

उपसर्ग मूलशब्द

i) सुलेख =	सु	लेख
ii) असफल =	अ	सफल
iii) भरपेट =	भर	पेट
iv) सुपुत्र =	सु	पुत्र
v) निडर =	नि	डर

4. प्रत्यय व मूल शब्द अलग कीजिए |

	मूलशब्द	प्रत्यय
i) मित्रता =	मित्र	ता
ii) धनवान =	धन	वान
iii) चित्रकार =	चित्र	कार
iv) दोस्ती =	दोस्त	ई
v) सुंदरता =	सुंदर	ता

5. दिए गए मुहावरों को उनके सही अर्थ से मिलाइए |

मुहावरे	अर्थ
i आँख लगना -	a) सहायता करना
ii नौ- दो ग्यारह-	b) व्यर्थ में हँसना
iii पेट में चूहे कूदना -	c) सो जाना
iv हाथ बँटाना -	d) भूख लगना
v दाँत दिखाना -	e) मना करना
vi अँगूठा दिखाना-	f) भाग जाना

उत्तर = i- c , ii- f , iii- d, iv- a, v- b, vi- e

6. दिए गए वाक्यों में उचित कारक चिह्न भरिए |

माँ ...... रोहित .... मारा |	(ने, को)
छत .... बंदर बैठा है |	(पर)
प्रिया .... अपनी सहेली .... उपहार दिया |	(ने, को)
मेरे घर .... बाहर एक बस खड़ी है |	(के)
मोहन बाज़ार .... गीता .... मिठाई लाया |	(से, के लिए)
आकाश ...... बादल देखकर मोर ख़ुशी ..... नाच उठे |	(में, से)

☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺